Bhartiyam International School

Periodic Assessment – 1 (2022-23)
Subject:Hindi (Set-2)
Class:IV

Date: 12/06/2022 **Max. Mark: 20**
Name: ________________ **Roll No: _______** **Duration: 1 hr**

निर्देश- 1. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं |
2. कार्य सुलेख के साथ करें |
3. प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार दें |

खंड-क (पठन पाठन)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

नितिन एक समझदार और बहादुर लड़का था | एक दिन वह खेलते-खेलते जंगल में काफ़ी अन्दर चला गया | तभी एक सियार की नज़र उस पर पड़ी | छोटे बच्चे को देखकर सियार के मुँह में पानी आ गया | सियार को देखते ही नितिन डर गया और उसने उससे बचने की योजना बनाई | सियार के पास आते ही वह उससे बोला, "मुझे खुशी है कि मुझे खाकर तुम्हारा पेट भर जाएगा | लेकिन मरने से पहले मुझे बाँसुरी बजा लेने दो | इससे मेरा स्वाद और अच्छा हो जाएगा |" स्वादिष्ट भोजन के लालच में सियार ने उसे बाँसुरी बजाने दी | नितिन अपनी बाँसुरी बजाने लगा | बाँसुरी की आवाज़ सुनकर नितिन का कुत्ता वहाँ भागता हुआ आया | सियार को देखते ही कुत्ता आग बबूला हो गया और सियार की ओर दौड़ा | यह देखकर बेचारा सियार दुम दबाकर वहाँ से भाग गया और नितिन की जान बच गई |

(क) सियार के मुँह में पानी क्यों आ गया ?
(ख) सियार से बचने के लिए नितिन ने क्या किया ?
(ग) किसके लालच में सियार ने नितिन को बाँसुरी बजाने दी ?
(घ) कुत्ता आग बबूला क्यों हो गया ?

खंड-ख (व्याकरण)

2. दिए गए गद्यांश से चार विशेषण छाँटकर लिखें- **(0.5×4=2)**

मेरे विद्यालय की इमारत बहुत सुंदर है | यह शहर का लोकप्रिय विद्यालय है तथा प्रसिद्ध विद्यालयों में से एक है | यहाँ के बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं | यह सभी प्रकार की उत्तम व्यवस्था से युक्त है |

3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखें- **(1×2=2)**

(क) पृथ्वी (ख) पुस्तक

खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें– **(0.5×4=2)**

(क) हम सब सुमन एक _________ के |
(ख) हम सब से मिलकर उपवन की _________सारी |
(ग) उन्होंने अपनी टोली के साथ योग का __________किया |

(घ) हम सुबह _________के बाद आसानी से योग कर पाते हैं |

5. एक या दो शब्दों में दीजिये- **(0.5×4=2)**

(क) 'काँटों' का क्या अर्थ है ?

(ख) काँटों में मिलकर हमने क्या किया ?

(ग) इरा देर से वापस क्यों आई ?

(घ) इरा ने सुबह का क्या कार्यक्रम बनाया ?

6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनके वाक्य प्रयोग कीजिये- **(1×2=2)**

(क) निर्धन (ख) तल्लीन

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1×2=2)**

(क) एक धागे से बँधे फूलों का क्या उपयोग होता है ?

(ख) 'योगासन' का क्या अर्थ है ?

(ग) प्राणायाम कैसे किया जाता है ?

(घ) फूल कहाँ जन्म लेते हैं ? इन्हें कौन पालता है ?

खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

8. गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल का पहला दिन आपके लिए कैसा रहा, यह बताते हुए अपनी दादी जी को पत्र लिखिए- **(4)**